प्रेषक,

निदेशक,

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,

उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी

उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः C-200 /रा0पो0मि0/2021–22 दिनांक 15 जून, 2021

विषयः माह जून, 2021 में वजन सप्ताह तथा "संभव" अभियान के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि पोषण स्तर में सुधार हेतु कुपोषण की सही समय से पहचान व प्रबंधन पोषण अभियान के अन्तर्गत एक महत्वपूर्ण रणनीति है। कुपोषण से ग्रसित बच्चों मे बाल्यावस्था की बीमारियां एवं उनसे होने वाली मृत्यु का खतरा अधिक बढ़ जाता है। कुपोषण की सबसे गम्भीर श्रेणी में सैम, मैम, गम्भीर अल्प वजन के बच्चे आते हैं।

सैम, मैम, गम्भीर अल्प वजन बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें चिकित्सीय उपचार/परामर्श/गृह आधारित देखभाल के माध्यम से स्वस्थ व पोषित बनाना बाल विकास एवं पुष्टाहार व स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण विभाग का संयुक्त प्रयास है। कुपोषित बच्चों की संख्या का निर्धारण किया इस संयुक्त प्रयास का पहला कदम है। कुपोषण की सही पहचान हेतु विभाग द्वारा जनपद स्तरीय प्रशिक्षण पूर्व में पूर्ण किया जा चुका है।

कुपोषित बच्चों की पहचान हेतु विभाग द्वारा **17–24 जून 2021 के मध्य सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर 0–5 वर्ष के बच्चों हेतु वजन सप्ताह** का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। वजन सप्ताह का आयोजन आंगनबाड़ी केन्द्रों/उपयुक्त सामुदायिक स्थल पर किया जायेगा। वजन सप्ताह के दौरान वजन व लम्बाई/ऊंचाई लेते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा 0–5 वर्ष के बच्चों की सूचना निम्न पोषण श्रेणी के अनुसार एकत्रित की जाएगी।

1. अल्प वजन – आयु के अनुसार वजन
2. गंभीर अल्प वजन (सैम/मैम)– वजन के अनुसार ऊंचाई/लम्बाई

इसके अतिरिक्त दिव्यांग बच्चों को भी चिन्हित किया जायेगा। सप्ताह के उपरान्त प्राप्त सूचना को बेसलाईन माना जायेगा।

2. उक्त चिन्हांकन कार्य के उपरान्त सभी जनपदों में कुपोषण की रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान– **"संभव ("SAM" BHAV)–पोषण संवर्धन की ओर एक कदम"** 1 जुलाई, 2021 से 2 अक्टूबर, 2021 के मध्य चलाया जायेगा। वजन सप्ताह में चिन्हित किये गए सैम, मैम, गम्भीर अल्प वजन बच्चों के लिए सघन सामुदायिक गतिविधियां जैसे– साप्ताहिक गृह भ्रमण, स्वास्थ्य जांच, चिकित्सीय उपचार, पोषण पुनर्वास केन्द्र/चिकित्सा इकाई में संदर्भन आयोजित की जायेगी। तीन माह के अभियान का मुख्य उददेश्य सैम, मैम, गम्भीर अल्प वजन बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार लाना है। इस हेतु सितम्बर माह में 20–25 सितम्बर के मध्य पुनः वजन सप्ताह का आयोजन करते हुए प्रगति का निर्धारण किया जायेगा।

क्यूंकि कुपोषण की रोकथाम एक समग्र रणनीति से ही सम्भव है, इसलिए कुपोषित बच्चों के साथ–साथ पोषण प्रोत्साहन के अन्य थीम पर भी जन जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियां आयोजित की जायेगी। अभियान के अन्तर्गत माहवार थीम निम्नवत् हैः –

- जुलाई 2021 – मातृ पोषण
- अगस्त 2021 – जीवन के पहले 1000 दिवस
- सितम्बर 2021 – सैम/मैम का उपचार ("**पोषण माह**" 2021 के साथ–साथ आयोजित करते हुए)

अभियान की समाप्ति पर पोषण की श्रेणी में आये हुए बदलाव का पुनः आंकलन किया जायेगा तथा प्रत्येक जनपद से तीन आंगनबाड़ी, तीन मुख्य सेविका तथा तीन बाल विकास परियोजना अधिकारी को पुरस्कृत भी किया जायेगा। इस कार्य में जनपद स्तर पर कार्यरत सहयोगी संस्थानों का भी सहयोग भी लिया जा सकता है।

इस अभियान के अन्तर्गत राज्य स्तर से अभिमुखीकरण (वेबीनार्स) आयोजित किया जाना प्रस्तावित है जिसका विवरण निम्नवत है –

तारीख– 16 जून 2021

समय– अपरान्ह 12 बजे

प्रतिभागी– समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, व सहयोगी संस्थानों के मंडल/जनपद प्रतिनिधि

Join Zoom Meeting Link

https://us06web-zoom-us/j/86146573046\pwd¾RG8yTDFQTTVuRDlSS1FzWTkySHprZz09

Meeting ID: 861 4657 3046

Passcode: 817009

वजन सप्ताह का सफलता पूर्वक आयोजन, सैम, मैम, गम्भीर अल्प वजन बच्चों की प्राथमिकता पर स्वास्थ्य जांच तथा गतिविधियों का सघन अनुश्रवण अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान के सुचारू क्रियान्वयन तथा विभागीय समन्वय स्थापित कराने हेतु आपका सहयोग अपेक्षित है।

सलग्नक – यथोक्त

भवदीया

(डॉ सारिका मोहन)
निदेशक

पृष्ठांकन संख्या – **तददिनांक**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. अपर मुख्य सचिव– चिकित्सा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. प्रमुख सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. अधिशासी निदेशक– तकनीकी सहयोग ईकाई, लखनऊ।
5. निदेशक– राज्य पोषण मिशन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9. पोषण विशेषज्ञ– यूनिसेफ, लखनऊ।
10. राज्य प्रतिनिधि– न्यूट्रिशन इंटरनेशनल, पीरामल फाउंडेशन, पी.सी.आई, लखनऊ।
11. कार्यालय प्रति।

(डॉ सारिका मोहन)
निदेशक